Title: Need to increase the quota of railway reservation from Bawla, Dhulka and other historical places in Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : महोदय, मेरे क्षेत्र में बावला, धौलका, धुंधका , राणपुर, वीरमगांव, सानन्द, बोटाद, धौला जंक्शन सब ऐतिहासिक स्थल हैं। सारे देश में बावला से चावल जाते हैं और सारे देश से तीर्थ यात्री गढडा आते हैं, उन्हें वापस दिल्ली और मुंबई जाने के लिए रिजर्वेशन चाहिए। इन स्टेशनों पर रिज र्वेशन का कोटा नहीं बढ़ाया जा रहा, मैं बार-बार इसके लिए निवेदन करता आ रहा हूं। गढडा श्री भगवान स्वामी नारायण जी का स्थान है और धौलका श्री पार्श्वनाथ का स्थान है। वहां भी रिजर्वेशन का कोटा नहीं बढ़ाया गया तो लोग कैसे आएंगे, इसलिए यहां रिजर्वेशन का कोटा बढ़ाया जाए। रिजर्वेशन पाने के लिए लोगों ने रेल रोको कार्यक्रम किया। आज तक उन पर केस चल रहा हैं। लोग परेशान हैं।

महोदय, मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द दिल्ली और मुंबई के लिए इन स्टेशनों से रिजर्वेशन का कोटा बढ़ाया जाए ताकि लोग संतुट हों और आने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिले।